## कार्यालय– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर (म.प्र.)
## जिला एवं सत्र न्यायालय, जबलपुर

क्र.फा.नं. क्यू/LADCS/जिविसेप्रा/ 947/2025 जबलपुर दिनांक: 28/7/2025

### //भर्ती विज्ञप्ति//

माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, से ई–मेल के माध्यम से प्राप्त पत्र क.फा.नं. 97/एलएडीसीएस/राविसेप्रा/4420/2024 जबलपुर, दिनांक 12.11.2024 पत्र के पालन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर अंतर्गत कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु कार्यालय, सहायक, रिसेप्शनिस्ट–कम–डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा भृत्य पद के लिए संविदा आधार पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है :–

1. आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि –**दिनांक 4.08.2025 से प्रारंभ**
2. आवेदन करने की अंतिम तिथि –**दिनांक 30.08.2025 को शाम 05.00 बजे तक**
3. पद का नाम एवं संख्या :– 1. **कार्यालय सहायक – 03 पद**
   2. **रिसेप्शनिस्ट–कम–डाटा एंट्री ऑपरेटर– 01 पद**
   3. **कार्यालय भृत्य – 01 पद**
4. साक्षात्कार तथा आवश्यक पद अनुसार टाईपिंग टेस्ट हेतु दिनांक, प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी के उपरांत जिला न्यायालय जबलपुर ,की आधिकारित वेबसाईट तथा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के सूचना पटल पर यथा संभव दिनांक 15.09.2025 को प्रसारित की जाएगी।
5. आवेदन पत्र विज्ञापन दिनांक से दिनांक 30 अगस्त 2025 को शाम 5:00 बजे तक भरे जा सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा जिला न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट https://jabalpur.dcourts.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।
6. वेतनमान :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्यालय सहायक** | ₹18,000/- to 25,000/- |
| 2 | **रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर** | ₹18,000/- to 20,000/- |
| 3 | **कार्यालय भृत्य** | ₹12,500/- to 15,000/- |



28/7/25
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जबलपुर (म.प्र.)

